# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कर रहे हैं बैठक, कोल परियोजनाओं और लंबित कोयला रॉयल्टी समेत अन्य कई विषयों पर चर्चा जारी।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश।**
3. **खासमहाल भूमि घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, एसीबी कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित।**
4. **अपराधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, सरायकेला से 10 और जमशेदपुर में चार अपराधकर्मी गिरफ्तार, सिमडेगा में एक करोड़ की अवैध शराब जब्त।**

**और**

5. **खेल को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की विशेष पहल, 18 और 19 सितंबर को जिला स्तर पर खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का होगा आयोजन।**

*******************

कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में कोल परियोजनाओं और लंबित कोयला रॉयल्टी समेत अन्य कई विषयों पर चर्चा हो रही है। इससे पहले झारखंड दौरे पर आये श्री रेड्डी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में गुणवत्तापूर्ण कोयला मिलता है और इसका राज्य के विकास में इस्तेमाल करना चाहिए।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर भाजपा ने पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। इस सिलसिले में गिरिडीह में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए। मंत्री ने आह्वान किया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यकर्ता गरीब लाचार लोगों की सेवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को यादगार बनाएं।

*******************

खासमहाल भूमि घोटाला करने के आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर आज हजारीबाग एसीबी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले विनय चौबे झारखंड शराब घोटाला मामले में भी आरोपी बनाए गए थे लेकिन तय समय के अंदर चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण उन्हें इस केस में जमानत मिल गई है।

*******************

अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सरायकेला खरसावां जिले में आज वाहन चोरी करने वाले दो बड़े गिरोह के 10 लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही 17 मोटरसाइकिल और एक चार पहिया वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि सभी वाहन चोरी के हैं।

इधर, जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में गुरुद्वारा रोड के पास पिछले दिनों कारोबारी साकेत अग्रवाल से हुई 30 लाख रुपये की लूट और फायरिंग कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

******************

उधर, सिमडेगा जिले में पुलिस ने एक बंद कंटेनर से करीब एक करोड़ रुपए से अधिक की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिमडेगा के बीरू में इस वाहन को जब्त किया गया। वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है जो पंजाब का रहने वाला है। एसपी ने बताया गया कि अवैध शराब को पंजाब से बिहार ले जाया जा रहा था।

******************

भारत निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में झारखंड समेत सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में 51 मीडिया नोडल अधिकारियों और सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

******************

**पंचम राज्य वित्त आयोग** ने आज लोहरदगा जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने की। उन्होंने सभी विभागों को पंचायतों को दिये गये अधिकारों की जानकारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायतों को मजबूत करने पर बल देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को सजग रहने की नसीहत दी।

******************

लातेहार जिले के बरियातू प्रखंड स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी सेवा बहाल कर दी गयी है। लंबे अरसे के बाद यह सेवा बहाल होने से स्थानीय लोग बेहद खुश हैं।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के चार जिलों में कुछ ही घंटे के अंदर मौसम बदल सकता है। तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। हवा की रफ्तार 30—40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

******************

राज्य में 18 और 19 सितंबर को जिला स्तरीय खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। खेल निदेशक शेखर जमुआर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों का चयन होगा और सफल खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह एक ओपन ट्रायल है, जिसमें कोई भी पात्र खिलाड़ी भाग ले सकता है।

******************

पाकुड़ जिले में तीन दिवसीय संताल परगना क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ। संताल परगना के उप महानिरीक्षक अंबर लकड़ा, पाकुड़ एसपी निधि द्विवेदी, दुमका एसपी पीतांबर कुमार खेरवार ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में संथाल परगना के छह जिले साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा, देवघर और पाकुड़ के पुलिस जवान भाग ले रहे हैं।

*******समाप्त********